>

Title: Need to provide financial package for improving civic amenities in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकाठा में जो छोटे-छोटे शहर हैं वहां पर शहरी विकास की योजनाएं लागू नहीं की जा रही हैं जिसके कारण कई शहरों में गंदगी का माहौल है और सीवरों के अभाव में गंदगी काफी फैली हुई है। शहरों में जो गरीब आबादी हैं उनके लिए आवास की बहुत कमी है, गर्मियों के दिनों में इन शहरों में लोगों को पेयजल नहीं मिल पाता है और महिलाओं को कई किलोमीटर से पीने का पानी लाना पड़ता है। शहरों की सड़कों का बहुत ही बुरा हाल है। यहां पर जो नगर निगम कार्यरत है, उनकी वित्तीय स्थिति बहुत ही खराब है। इसलिए मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकाठा में नगर निगमों को शहरी सुविधाएं दिलाये जाने हुतु केन्द्र स्तर पर एक वित्तीय सहायता पैकेज उपलब्ध किये जाने की आवश्यकता है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस विÂषय पर गहनता से विचार किया जाये।